www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार, 1 फरवरी 2026

## सुविचार



हम सभी महान कार्य नहीं कर सकते, पर छोटे-छोटे कार्यों को बडे प्रेम से कर सकते हैं। छोटे-छोटे कार्यों में निस्वार्थ प्रेम और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। -मदर टेरेसा

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को मारी गोली II
- हर संस्थान 25 टीबी मरीजों को गोद ले III
- स्टेडियम में दिखा खिलाड़ियों का जोश IV

# गोमती-शहीद पथ इंटरसेक्शन पर बनेगा 4 लेन फ्लाईओवर

## यातायात सुधार के लिए 121.74 करोड़ की परियोजना को हरी झंडी


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**42.61** करोड़ की पहली किस्त जारी

**18** माह में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य

### परियोजना की प्रमुख बातें

- **परियोजना लागत :** 121.74 करोड़ रुपये
- **पहली किस्त :** 42.61 करोड़ रुपये (35 प्रतिशत)
- **स्थान :** गोमती नदी (दायां तट)-शहीद पथ इंटरसेक्शन
- **लेन :** 4 लेन फ्लाईओवर
- **निर्माण एजेंसी :** लखनऊ विकास प्राधिकरण
- **समय-सीमा :** 18 माह में कार्य पूर्ण
- **उद्देश्य :** ट्रैफिक डिकंजेशन और सुगम यातायात व्यवस्था




**अमृत विचार:** लखनऊ शहर की जाम से जूझती यातायात व्यवस्था को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। गोमती नदी के दायें तट और शहीद पथ इंटरसेक्शन पर प्रस्तावित 4 लेन फ्लाईओवर निर्माण परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 121.74 करोड़ रुपये है, जिसमें से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 35 प्रतिशत यानी 42.61 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने की अनुमति दी गई है।

विशेष सचिव राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि यह परियोजना लखनऊ नगर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। फ्लाईओवर के निर्माण से गोमती नगर, शहीद पथ और आसपास के क्षेत्रों में रोजाना लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपी गई है, जबकि नोडल एजेंसी के रूप में मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक को नामित किया गया है।

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सक्षम स्तर से सभी तकनीकी स्वीकृतियां, वैधानिक अनापत्तियां और पर्यावरणीय क्लियरेंस प्राप्त की जाएंगी। फ्लाईओवर का निर्माण भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) और लोक निर्माण विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। गुणवत्ता, मानक और समयबद्धता की पूरी जिम्मेदारी एलडीए की होगी। परियोजना को निर्माण प्रारंभ होने की तिथि से 18 माह के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है, ताकि समय और लागत में वृद्धि की स्थिति उत्पन्न न हो। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित मद में ही किया जाएगा और प्रत्येक माह वित्तीय व भौतिक प्रगति की रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का मानना है कि यह फ्लाईओवर राजधानी के शहरी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिकों को तेज, सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## पिपराघाट रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा आरओबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में पिपराघाट से शहीद पथ के बीच शुरू हुआ काम
- दिलकुशा रोड होगी चौड़ी, एलडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण और दिए निर्देश

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पिपराघाट से शहीद पथ के बीच ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तृतीय चरण का काम शुरू कर दिया है। लगभग 5 किलोमीटर लंबे इस स्ट्रेच में कॉरिडोर बनने से कैंट से अयोध्या रोड व कानपुर रोड की ओर जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को इस पूरे रूट का निरीक्षण करके कार्य की प्रगति देखी। इस दौरान उन्होंने पिपराघाट के पास रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बनाने और दिलकुशा रोड का चौड़ीकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि

छावनी बोर्ड से एनओसी लेकर रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। यह आरओबी लगभग 240 मीटर लंबा व 12 मीटर चौड़ा होगा। इसके अलावा दिलकुशा से ग्रीन कॉरिडोर को कनेक्ट करने वाली सड़क वर्तमान में 9 मीटर चौड़ी है। उपाध्यक्ष ने इसके चौड़ीकरण का कार्य साथ में कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पिपराघाट से जी-20 रोड तक बनने वाले 4-लेन पुल की साइट का निरीक्षण किया।



निरीक्षण करते एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

### काश्तकारों को वेलनेस सिटी में दी जाएगी जमीन

- इकाना क्रिकेट स्टेडियम से किसान पथ के मध्य प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर के एलाइनमेंट का भी उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। बंधे व ब्रिज के निर्माण के लिए जिन काश्तकारों की जमीन जाएगी, उन्हें लैंड पूलिंग नीति के तहत वेलनेस सिटी में नि:शुल्क भूमि दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि मौके पर साइट ऑफिस बनाया जाए, जहां अर्जन अनुभाग के अधिकारी नियमित रूप से बैठकर काश्तकारों से वार्ता करके अर्जन सम्बंधी प्रकरणों का निस्तारण कराएं।

निरीक्षण में संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता अजीत सिंह एवं मनोज सागर उपस्थित रहे।

## निगम गठन में देरी से आहत केजीएमयू के आउटसोर्सिंग कर्मचारी

**अमृत विचार :** संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ की ओर से केजीएमयू में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर आमसभा आयोजित की गई। सभा में कर्मचारियों ने निगम गठन में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई। कर्मचारियों का कहना था कि मुख्यमंत्री की ओर से निगम गठन की घोषणा किए जाने के बावजूद करीब एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अभी तक निगम अस्तित्व में नहीं आ सका है, जिससे कर्मचारी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि केजीएमयू प्रशासन ने निगम बनने का हवाला देकर वेतन बढ़ोतरी और प्रतिवर्ष होने वाली वेतन वृद्धि भी रोक दी है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना था कि महंगाई के इस दौर में वेतन वृद्धि न होना उनके लिए गंभीर समस्या बन गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल ने कहा कि यदि एक माह के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए विवश होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

## शहर में आज



- गोमती नगर विस्तार स्थित पर्वतीय महापरिषद भवन में विशाल हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन। 11:00 बजे।
- लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से जानकीपुरम योजना अंतर्गत सेक्टर-जे स्थित खेल मैदान के शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम 9:30 बजे।
- निराला नगर सभागार, उप्र हिन्दी संस्थान में युवा रचनाकार मंच द्वारा 46वां युवा रचनाकार दिवस, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह 4:00 बजे।
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में छात्रों को नई तकनीक से अवगत कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन 10:00 बजे।
- हनुमान सेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के सामने विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 3:00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड आज बूंदाबांदी के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और चल रहीं ठंडी हवाओं से राजधानी में शनिवार को ठंड बढ़ गई। दिन और रात का पारा गिर गया। अधिकतम तापमान करीब 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 18.7 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान करीब 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 8.8 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य के करीब रहा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को राजधानी और आस-पास बादल छाये रहेंगे। साथ ही हवा के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी के आसार हैं।

### अवैध डेयरी हटाई 21 पशु किए जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने शनिवार को जोन 7 के इन्दिरा नगर थाना क्षेत्र स्थित जरहरा, सुगामऊ रोड सहित आस-पास अभियान चलकार अवैध डेरियों पर कार्रवाई की। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में कुल 21 पशु जब्त करके आलमबाग स्थित कांजी हाउस में बंद कराए। इनमें 16 भैंस एवं 5 गाय शामिल हैं। अभियान में पुलिस बल, प्रवर्तन दल एवं पशु कल्याण विभाग की संयुक्त टीम में शिवेक, अभिनव, फुरकान एवं नदीम उपस्थित रहे।

### गृहकर बकाये पर यूपीएसआरटीसी का बैंक खाता सीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन 5 में गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने दो करोड़ से अधिक गृहकर बकाये पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) का बैंक खाता सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि भुगतान करने के बाद ही खाते से पाबंदी हटाई जाएगी। इस कार्रवाई से गृहकर के बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

## मुलाकात



मुख्यमंत्री योगी से प्रख्यात फिल्म अभिनेता गोविंदा ने लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। ● अमृत विचार

# आउटसोर्स कर्मचारी हटाए गए, कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजाजीपुरम क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से बिना पूर्व सूचना दिए गुपचुप तरीके से तीन आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटाए जाने का मामला सामने आया है। मालूम हो कि राजाजीपुरम ओल्ड से एक और राजाजीपुरम न्यू पाल तिराहा से दो कर्मचारियों पर गलत आरोप लगाकर उन्हें काम से हटा दिया गया है। विभाग की ओर से की गई इस कार्रवाई की भनक जैसे ही साथी कर्मचारियों को हुई, कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। इसके विरोध में बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपने-अपने उपकेंद्रों पर शाम चार बजे से कार्य बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध के दौरान कर्मचारियों ने विभागीय व्हाट्सएप ग्रुपों को भी छोड़ दिया। हैरानी की बात यह रही कि शाम 5:30 बजे तक किसी भी विभागीय अधिकारी ने इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान नहीं लिया। इस बाबत प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की कार्रवाई पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। जल्द ही निष्पक्ष जांच कर कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



हटाए गए कर्मचारियों के समर्थन में उपकेंद्र पर कार्य बहिष्कार करते कर्मचारी।

### राजधानी में आज रहेगा बिजली संकट

- अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के कई इलाकों में वीसीवी पैनलों को बदलने और मेंटीनेंस कार्य के कारण आज बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते पांच लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। चिनहट ट्रांसमिशन उपकेंद्र में रखरखाव कार्य के कारण सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इससे शिवपुरी, ओमेगा, यूपीएसआईडीसी, कमता, एचएएल, इंदिरा नगर सेक्टर-14 (ओल्ड), इंदिरा नगर सेक्टर-25 उपकेंद्रों के साथ हाईकोर्ट और राम मनोहर लोहिया लाइन की आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके अलावा देवा रोड, मटियारी, नंदपुर, देव अमराई, तकरोही, दुर्गामील, ऑल इंडिया रेडियो, चिनहट टाउन, चिनहट बाजार, नौबस्ता, सतरिख रोड, ओमेगा टाउनशिप, क्राउन मॉल, स्प्रिंग गार्डन, पपनामऊ, भवानीपुर, गोयल हाइट, यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, एल्डिको, फैजाबाद रोड, लेखराज डॉलर, भूतनाथ, सेक्टर-8, सेक्टर-12, सेक्टर-16, सेक्टर-17, सेक्टर-18 और सेक्टर-19 रिंग रोड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, लखनऊ मध्य के जवाहर भवन उपकेंद्र पर 11 केवी वीसीवी पैनलों को बदले जाने के कारण अशोक मार्ग, नरही, मीरा बाई मार्ग, दैनिक जागरण चौराहा, राणा प्रताप मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक बिजली आपूर्ति पूर्ण और आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उधर, सुगामऊ उपकेंद्र से पोषित मानस सिटी, मयूर रेजीडेंसी और चांदन रोड सहित कई इलाकों में तीन फरवरी को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# बटलर झील में खुलेगा 'आईलैंड कैफे'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवार संग ले सकेंगे लजीज व्यंजनों का लुत्फ

**अमृत विचार:** ऐतिहासिक बटलर झील के बीच बने आईलैंड में कैफेटेरिया खुलेगा। इसका नाम आईलैंड कैफे होगा। लोग पेडेस्ट्रियन ब्रिज के रास्ते इस कैफे में जाकर प्राकृतिक सुदंरता के बीच लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को स्थल निरीक्षण करके इस सम्बंध में आदेश जारी किया। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने बटलर झील के संवर्द्धन व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया है। झील के बीचों-बीच आईलैंड विकसित किया गया है, जिसमें 1 कैफेटेरिया बनाया गया है। 15 दिन के अंदर यहां आईलैंड कैफे संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। अप्रैल, 2026 तक कैफेटेरिया बनकर तैयार हो जाएगा। प्रथम तल पर कराये जा रहे जीर्णोद्धार एवं फसाड अपलिफ्टमेंट के कार्य जुलाई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। पैलेस के पिछले हिस्से में स्थित लॉन में लैंडस्केपिंग व हॉर्टीकल्चर के कार्य कराये जाएंगे।

## ओटीएस योजना के दूसरे चरण का समय बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** एक जनवरी से शुरू हुई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के दूसरे चरण की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह चरण 31 जनवरी को समाप्त होने वाला था, लेकिन उपभोक्ताओं की मांग को देखते हुए पावर कॉरपोरेशन ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कॉरपोरेशन के निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ओटीएस योजना के तहत जिन बिजली उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करा लिया है, उन्हें दूसरे चरण में मिलने वाला लाभ अब 5 फरवरी तक मिलता रहेगा। इस फैसले से बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

# शहर में एसटीपी चाहिए 10, काम कर रहे तीन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 850 में से 550 एमएलडी गंदा पानी हो रहा शोधित
- करीब 300 एमएलडी सीवर का गंदा पानी रोज गोमती में गिर रहा
- राजधानी में नहीं रुक रहा नदियों में गिरता सीवर का गंदा पानी

**अमृत विचार :** राजधानी में नदियों में गिर रहे सीवर के गंदे पानी पर रोक कैसे लगे जब 10 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की जरूरत है लेकिन काम केवल तीन ही कर रहे। लखनऊ में घरों से करीब 850 मिलियन लीटर पर डे (एमएलडी) सीवर निकल रहा है लेकिन करीब 550 एमएलडी सीवर का ही शोधन हो पा रहा है।

अभी भी करीब 300 एमएलडी सीवर का गंदा पानी बिना शोधित किए ही नदियों में जा रहा है, जिससे गोमती नदी, कुकरैल और सईं नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। एनजीटी की सख्ती के बाद अब सरकार नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए एसटीपी बनाने पर ध्यान दे रही है। इसके बाद भी जरूरत के हिसाब से एसटीपी बनने और उनका संचालन शुरू होने में लगभग 3 वर्ष लग सकते हैं।

### हैदर कैनाल, भरवारा व दौलतगंज एसटीपी में नाले का पानी हो रहा शोधित



- जल निगम के अनुसार शहर में करीब 33 छोटे-बड़े नाले गोमती नदी में मिल रहे हैं। इनमें से करीब 27 नाले ही टैप हैं और 7 नालों का गंदा पानी सीधे गोमती में गिर रहा है। हैदर कैनाल नाले के पास 120 एमएलडी क्षमता का एसटीपी, गोमती नगर के भरवारा में354 एमएलडी और दौलतगंज में 56 और 39 एमएलडी के दो एसटीपी में नाले का गंदा पानी शोधित हो रहा है।

### सईं नदी में गिर रहे किला मोहम्मदी नाले के लिए बनेगा एसटीपी

- नगर निगम जोन 5 और 8 की करीब 10 लाख की आबादी का सीवर का पानी आशियाना स्थित किला मोहम्मदी नाले में मिलता है। यह नाला सईं नदी में जाकर मिलता है। इससे नदी प्रदूषित हो रही है। इस नाले पर आशियाना में एक एसटीपी बनाया जाना प्रस्तावित है। इसी तरह कुकरैल से गोमती नदी में सीधे गंदा पानी गिर रहा है। कुकरैल नदी पर गोमती नदी के पास 40 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्रस्तावित है। इसके अलावा बसंतकुंज योजना और बिजनौर में दो एसटीपी बन रहे हैं। इनके चालू हो जाने के बाद ही शहर के सभी नालों का गंदा पानी शोधित करने के बाद ही नदियों में छोड़ा जाएगा।

**बुरा हाल** | सीतापुर से रेफर होने के बावजूद केजीएमयू में जांच से इनकार, गैर जनपद मरीजों के लिए सीएमओ लखनऊ का पत्र बना बाधा

# बेरा जांच के लिए राजधानी में भटक रही स्वतंत्रता सेनानी की बहू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ब्रेन स्टेम इवोक्ड रिस्पॉन्स ऑडियोमेट्री (बेरा) जांच के लिए एक स्वतंत्रता सेनानी की बहू को राजधानी में भटकना पड़ा। केजीएमयू से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय तक चक्कर लगाने के बावजूद पीड़िता को जांच के लिए आवश्यक पत्र नहीं मिल सका। गैर जनपद के मरीजों के लिए सीएमओ लखनऊ से पत्र अनिवार्य करने के नियम ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है।

सीतापुर निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व. बच्चू लाल अवस्थी की बहू राधा अवस्थी (68), पत्नी राजेंद्र प्रकाश अवस्थी, वर्तमान में सीतापुर पुलिस लाइन में रहती हैं। उन्हें एक कान में गंभीर समस्या है। दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने के लिए बेरा जांच आवश्यक है। सीतापुर से उन्हें केजीएमयू के लिए रेफर किया गया था।



पत्र के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ. रवि पांडेय और डॉ. एपी सिंह से गुहार लगाती महिला।

शनिवार सुबह राधा अवस्थी अपनी पौत्री उत्कर्षा अवस्थी के साथ केजीएमयू पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद पंजीकरण तो हो गया, लेकिन जांच से पहले उन्हें नए नियम का हवाला देते हुए लखनऊ के सीएमओ कार्यालय से पत्र लाने को कहा गया। जबकि उनके पास पहले से ही सीतापुर के सीएमओ द्वारा जारी रेफरल पत्र मौजूद था, जिसे मानने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद दादी-पौत्री सीएमओ लखनऊ कार्यालय पहुंचीं, जहां से यह कहकर लौटा दिया गया कि गैर जनपद के मरीजों के लिए पत्र जारी नहीं किया जा सकता। दिनभर दौड़भाग के बाद भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी।

> बेरा जांच में वेटिंग जरूर है, लेकिन गैर जनपद के मरीजों को लौटाया नहीं जाता है। नए नियम के अनुसार गैर जनपद के मरीज को लखनऊ सीएमओ कार्यालय से लिखवाना अनिवार्य है। इसलिए इस मरीज को भी सीएमओ कार्यालय भेजा गया होगा। मरीज पंजीकरण करवाता है तो तय समय पर जांच हो जाएगी।
>
> **-डॉ. केके सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू

> गैर जनपद से जांच के लिए आने वाले मरीजों से लखनऊ सीएमओ के पत्र की अनिवर्यता को खत्म करने के लिए केजीएमयू प्रशासन को पत्र लिखा गया है। जिससे मरीजों को जांच के लिए भटकना न पड़े।
>
> **-डॉ. एनबी सिंह,** सीएमओ

### सरकारी अस्पतालों में नहीं है जांच की सुविधा केजीएमयू और लोहिया में दो साल की वेटिंग

- प्रदेश में बेरा जांच की सुविधा केजीएमयू और लोहिया संस्थान सहित गिने-चुने मेडिकल कालेजों में ही है। सरकारी अस्पतालों अभी इस जांच की सुविधा नहीं है। इससे मूक बधिर दिव्यांगजनों की बेरा मशीन से जांच के लिए परेशान होना पड़ता है। कुछ सरकारी नौकरियों में भी बेरा जांच रिपोर्ट मांगी जाती है। अस्पतालों में जांच शुरू होने से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कतें कम होंगी। निजी केंद्रों पर इस जांच के लिए दो से पांच हजार तक का शुल्क लगता है।

### राहत : शकुंतला विवि में जांच की सुविधा

- मोहन रोड स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में भी बेरा जांच की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि यहां कोई वेटिंग नहीं है। मरीज समय से आकर अपनी जांच करवा सकता है।

# मॉडल वार्डों में फोन कर लोगों से पूछा जाएगा कूड़ा उठ रहा या नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नगर निगम करेगा क्रॉस चेकिंग नगर आयुक्त ने बनाई कमेटी
- सभी आठ जोन में बनाए गए हैं 16 मॉडल वार्ड

**अमृत विचार :** नगर निगम के मॉडल वार्डों में रहने वाले भवन स्वामियों से फोन करके पूछा जाएगा कि घर से कूड़ा उठा और सफाई हुई कि नहीं। नगर निगम सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए क्रास चेकिंग करेगा। इसके लिए नगर आयुक्त ने कमेटी बनाई है। यह कमेटी नगर निगम के आठों जोन में चिन्हित किये गए 16 मॉडल वार्डों में सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करेगी।

दरअसल नगर निगम में बनाए गए 16 मॉडल वार्डों के जोनल अधिकारी 90 फीसदी से अधिक कूड़ा कलेक्शन का दावा कर रहे हैं। दूसरी टीमें लगाकर क्षेत्रवार सफाई और कूड़ा कलेक्शन की रिपोर्ट लेंगी। यदि मॉडल वार्डों में यह व्यवस्था सफल रही तो बाद में इसे पूरे शहर में लागू किया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बतायाा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 चल रहा है। लखनऊ को तीसरे से पहले स्थान पर लाने के लिए नगर निगम पूरा प्रयास कर रहा है। सफाई और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सुधार किया जा रहा है। प्रत्येक जोन में दो मॉडल वार्ड चिन्हित किये गए हैं। इनकी अगले महीने घोषणा की जाएगी।

### पॉलीथिन व गंदगी पर वसूला 36 हजार जुर्माना

- अमृत विचार लखनऊ : नगर निगम जोन 1 और 7 में प्रतिबंधित पॉलीथिन और गंदगी के खिलाफ अभियान चलाकर 36,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय के नेतृत्व में कंचना बिहारी मार्ग, आलोक दूबे रोड, आदिल नगर कल्यापुर रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में न्यू श्याम डेरी, सुनील जनरल स्टोर, इंडियन डेरी, मनोज जनरल स्टोर, पंकज जनरल स्टोर सहित कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथीन पाये जाने पर 10,000 रुपये और गंदगी पाये जाने पर 11,000 रुपये जुर्माना लगाया। जोन 1 में जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में रानीगंज सराय फाटक के आस-पास, नाका थाना क्षेत्र से बांसमंडी होते हुए लाटूश रोड एवं कैसरबाग चौराहे तक अभियान चलाकर पॉलीथीन और गंदगी पाये जाने पर 15,000 रुपये जुर्माना लगाया। मिक्सर मशीन के उपयोग पर 10,000 रुपये जुर्माना लगाया।

## सिटी ब्रीफ

### बिजलीकर्मी बन युवक से ऐंठे 83 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजलीकर्मी बनकर जालसाजों ने निर्माणाधीन भवन में मीटर लगाने का झांसा देकर मालिक से 83 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। बीबीडी के नूरपुर बेहटा निवासी राजकुमार अपने भवन का निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को दो युवक उनके पास पहुंचे। अपना परिचय बिजली विभाग कर्मी सुनील और विशाल के रूप में दिया। उसके बाद मीटर लगाकर नकद और खाते में कई बार में 83 हजार रुपये ऐंठ लिए। काम न होने पर पीड़ित ने छानबीन की तो ठगी का पता चला।

### लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** इटौंजा के ढिलवासी गांव के पास शनिवार सुबह नहर किनारे आम के पेड़ से एक युवक का शव गमछे के सहारे लटका मिला। पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बबलू (25) निवासी ढिलवासी के रूप में हुई है। बबलू ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। पिता रामशरण ने साजिश के तहत हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाते हुए तीन युवकों कुलदीप, संदीप और राहुल के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिता रामशरन का आरोप है कि शुक्रवार को कुलदीप, संदीप और राहुल ने उससे मारपीट की थी।

### एलडीए को फोर्स न देने पर इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने शनिवार देर शाम इंदिरानगर इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया है। राजधानी पुलिस में चर्चा है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से बाल विहार कालोनी में जमीन को पार्क के लिए चिन्हित किया गया था। पैमाइश के लिए एलडीए की तरफ से दो बार फोर्स की मांग की गई थी। इसपर इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी फोर्स की कमी होने का हवाला देते हुए फोर्स नहीं दी। शुक्रवार को एलडीए द्वारा पुलिस बल की मांग करते हुए सूचना दी गयी, लेकिन इस बार भी इंस्पेक्टर ने आनाकानी की। इसी मामले में शिकायत होने पर पुलिस आयुक्त ने लाइन हाजिर कर दिया।

### फल विक्रेता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, आलमबाग :** मानकनगर थाना क्षेत्र के आलमबाग गुरुद्वारा के पास रहने वाले साहिल (21) ने दुपट्टे के सहारे घर में फंदा लगा लिया। साहिल को लटका देख परिजन ने उसे उतारकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि साहिल आलमबाग में फल का ठेला लगाता था। परिवार में मां पूजा और दो भाई सूरज व अभय हैं।

### जनरेटर चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र स्थित गोदावरी टॉवर परिसर में जनरेटर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बीकेटी पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी माल बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोविंद रावत, अंकित चौहान और मुकेश कुमार गौतम निवासी ग्राम कंजवारा देवा बाराबंकी बताया।

# पांचवीं के छात्र को पीटा, आंख में रगड़ी जूते की हील, गई रोशनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहपाठी और जूनियर छात्र ने स्कूल मैदान में की मारपीट
- शिकायत के बाद भी आर्मी पब्लिक स्कूल ने नहीं लिया संज्ञान
- पीड़ित मां ने कैंट कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में पांचवीं और तीसरी के दो छात्रों ने कक्षा-5 के एक छात्र को स्कूल मैदान में बुरी तरह पीटा। यही नहीं छात्रों ने उसके चेहरे और आंख पर जूते ही हील रगड़ दी। घायल छात्र को परिजन ने कमांड अस्पताल पहुंचाया। वहां पता चला कि आंख में हील रगड़ने से छात्र की आंख की रोशनी चली गई। शिकायत के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद बच्चे की मां ने कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसओ कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि मूल रूप से सुल्तानपुर के लंभुआ निवासी सैन्यकर्मी का परिवार कैंट के तोपखाना बाजार स्थित निर्भय विहार में रहता है। पत्नी ने बताया कि बेटा कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में पांचवीं में पढ़ता है। उनका कहना है कि 21 जनवरी की दोपहर लंच के दौरान सभी बच्चे स्कूल के मैदान में खेल रहे थे। इसी दौरान उसी कक्षा के दूसरे सेक्शन और कक्षा-3 में पढ़ने वाले दो छात्रों ने उनके बेटे से मारपीट शुरू कर दी।

जिसमें बेटा घायल हो गया। छुट्टी के बाद बेटा घर आया तो वह चोटिल था। आंखों में सूजन व पानी निकलता देख परिजन उसे लेकर कमांड अस्पताल पहुंचे। परिजन ने बेटे से बात की तो उसने दोनों छात्रों के नाम बताते हुए पूरी घटना बतायी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों बच्चों और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मारपीट और किशोर न्याय अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जाली पत्र से कराई एलडीए प्लॉट की रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्र में प्रभारी संपत्ति अधिकारी और अनुभाग अधिकारी के बनाए गए जाली साइन, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की कानपुर रोड योजना में एक और फर्जीवाड़ा हुआ। जालसाजों ने प्लॉट का जाली आवंटन पत्र बनाकर रजिस्ट्री कर दी। शिकायत पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जांच कराई तो पता चला कि रजिस्ट्री का संबंध आवास विकास परिषद से दर्शाया गया, जबकि प्लॉट एलडीए का है। साथ ही आवंटन पत्र पर प्रभारी संपत्ति अधिकारी और अनुभाग अधिकारी के जाली साइन बनाए गए थे। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि विशेष कार्याधिकारी की तहरीर पर शनिवार को क्रेता व गवाह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

एलडीए के विशेष कार्याधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि कानपुर रोड योजना सेक्टर-डी स्थित भूखंड संख्या-8 किसी को आवंटित नहीं है। इसके बाद भी जाली दस्तावेजों की मदद से विक्रय विलेख किया गया। जांच में पाया गया कि विक्रय-विलेख में क्रेता बने जवाहर लाल गुरनानी निवासी सरदारी खेड़ा लखनऊ ने भूखंड के आवंटन से संबंधित जाली दस्तावेज तैयार किए थे। यही नहीं आवंटन पत्र पर प्राधिकरण के प्रभारी संपत्ति अधिकारी केके सिंह और अनुभाग अधिकारी वीरेंद्र सिंह के जाली हस्ताक्षर बनाकर 20 अप्रैल 2015 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री कराई गई।

जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित विक्रय-विलेख का संबंध आवास विकास परिषद से दर्शाया गया है, जबकि भूखंड लखनऊ विकास प्राधिकरण की संपत्ति है। रजिस्ट्री में गवाह विनोद कुमार निवासी आलमबाग बने थे। आरोप है कि जवाहर लाल और विनोद कुमार ने एलडीए का प्लॉट हड़पने के लिए जाली पेपर बनाए थे। एलडीए उपाध्यक्ष ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

### एक भूखंड तीन बार बेचा, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के बिजनौर रोड स्थित सौभाग्य फेस-3 एक्सटेंशन में एक ही भूखंड को प्रॉपर्टी डीलर ने तीन लोगों को बेच दिया। पीड़ित रिटायर्ड सैन्यकर्मी विजय कुमार सिंह ने 45 लाख रुपये देकर मकान खरीदा था, लेकिन आज तक कब्जा नहीं मिला। जांच में सामने आया कि बिल्डर सर्वानंद दुबे ने पहले एक व्यक्ति, फिर विजय सिंह और बाद में तीसरे व्यक्ति के नाम उसी भूखंड की रजिस्ट्री कराई। आरोप है कि तीनों ने मिलकर मकान पर अवैध कब्जा कर लिया और ताला लगा दिया। पर शिकायतों को बिना जांच के ही बंद कर दिया गया। आरोप है कि बिल्डर, कथित खरीदार और बैंक की मिलीभगत से यह धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने एसीपी कृष्णानगर कार्यालय में शिकायत की। एसीपी कृष्णानगर के आदेश पर बिजनौर थाने में बिल्डर समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

## सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के शॉपिंग स्क्वायर के पास देर रात हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेस्टोरेंट बंद कर पत्नी के साथ घर जाने की तैयारी में थे
- आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही आठ टीमें

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के शॉपिंग स्क्वायर के सेक्टर-डी में रसोई बाई मां रेस्टोरेंट के संचालक व रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी अवधेश पाठक (60) को शुक्रवार देर रात बदमाशों ने गोली मार दी। दो बदमाशों ने वारदात को देर रात करीब 10.30 बजे अंजाम दिया। घटना के समय अवधेश पत्नी के साथ रेस्टोरेंट बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। पत्नी ने आसपास के लोगों की मदद से उनको मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें लगाई गई हैं।



मूलतः संतकबीरनगर निवासी अवधेश पाठक वर्तमान में गोसाईगंज के कबीरपुर में पत्नी मिथलेश पाठक के साथ रहते हैं। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शॉपिंग स्क्वायर के सेक्टर-डी में रसोई बाई मां के नाम से रेस्टोरेंट खोला है।

घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसी बीच पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक अवधेश की पत्नी मिथलेश की तहरीर पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**खुलासे के लिए लगी आठ टीमें**

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक, बदमाशों की तलाश में आठ टीमें लगाई गईं हैं। टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। इसमें व्यक्तिगत रंजिश, व्यापारिक विवाद और अन्य संभावित कारण शामिल हैं।

### नाम पूछा और मार दी गोली

**अमृत विचार :** पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच व पूछताछ में सामने आया कि शुक्रवार रात करीब 10 .30 बजे रेस्टोरेंट बंद कर रहे थे। रेस्टोरेंट से कुछ सामान निकाल कर अपनी कार में रख रहे थे। इसी बीच दो बदमाश उनके पास पहुंचे। बदमाशों ने उनसे नाम पूछा। तभी एक बदमाश बोला यही है। गोली मार दो। दूसरे ने असलहा निकालकर गोली मार दी। गोली उनकी बाईं आंख के ऊपर लगी। गोली लगने के बाद बचने के लिए अवधेश अपने रेस्टोरेंट के अंदर भागे। रेस्टोरेंट में कार्य कर रही पत्नी मिथलेश ने मदद के लिए शोर मचा दिया। गोली की आवाज सुनकर व अवधेश की पत्नी के शोर मचाने पर आस-पास मौजूद लोग मदद के लिए पहुंचे। तब तक बदमाश भाग चुके थे। पत्नी मिथलेश लोगों की मदद से स्थानीय लोगों की मदद से अवधेश को मेदांता अस्पताल ले गईं। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद से शॉपिंग स्क्वायर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि देर रात तक दुकानें खुली रहती हैं, ऐसे में पुलिस गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए।



दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# पहले किया चालान, फिर पहनाया हेल्मेट

संवाददाता, निगोहां

- दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन किया जागरुक

**अमृत विचार, निगोहां:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतिम दिन शनिवार को दखिना शेखपुर स्थित टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व टोल प्लाजा द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पहुंचे एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने 50 से अधिक बाइक सवार को हेल्मेट वितरित किए।

इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने बिना हेल्मेट के चलने वालों का पहले चालान किया और फिर हेल्मेट पहनाकर समझाया। एसीपी ने टोल परियोजना प्रमुख दिलीप पांडेय, टोल मैनेजर राकेश सिंह व प्रोजेक्ट मैनेजर बृजेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित किया। इसके अलावा टोल से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली, ऑटो, ट्रक, बस व कार में रेट्रो रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाकर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ट्रैफिक मैनेजर मधु गुरप्पू, एसओ निगोहां अनुज तिवारी, एसओ नगराम विवेक चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मी और अन्य टोल कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेकाबू बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बंथरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से लोडर पलटा, छह घायल

**अमृत विचार:** बंथरा में शुक्रवार रात साइकिल और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बुजुर्ग की मौत हो गयी, जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गए। इसी थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक अन्य हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से छोटा हाथी लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयीं। पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गयी।

उन्नाव के हसनगंज स्थित बिशन खेड़ा निवासी बाबूलाल (65) शुक्रवार रात करीब 8 बजे शेखूपुर स्थित अपने खेत से काम कर साइकिल से बनी-मोहान रोड होते हुए वापस अपने घर जा रहे थे। रास्ते में बंथरा स्थित गोंदौली गांव के पास सामने से पल्सर बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बाबूलाल और बाइक सवार उन्नाव के हसनगंज निवासी बबलू घायल हो गए। बंथरा पुलिस ने दोनों को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई पंचम ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, उन्नाव के नवाबगंज निवासी सोनू, करण, मुकेश, अनीश और असोहा के कटेहरू निवासी रामशंकर मंडी से देर रात डाला में बैठकर अपने घर लौट रहे थे। तभी बंथरा में शिवपुरा के पास अज्ञात वाहन ने डाला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह पलट गया और सभी लोग घायल हो गए।

# दुकान में लगी आग, परिवार ने भागकर बचाई जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बंथरा कस्बे में शुक्रवार देर रात हुई घटना, दमकल गाड़ियों की मदद से पाया गया आग पर काबू

**अमृत विचार:** बंथरा कस्बे में शुक्रवार देर रात एक ज्वैलरी शाप में अचानक आग लग गई। लपट व धुआं निकलता देख परिवार किसी तरह निकलकर भागा और अपनी जान बचाई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखे लाखों रुपये के सामान जल गये। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अंकुश मित्तल के मुताबिक, कानपुर रोड स्थित बंथरा कस्बे में रमाशंकर वर्मा रहते हैं। मकान के अगले हिस्से में आभूषण की दुकान है। पिछले हिस्से में रमाशंकर वर्मा परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात करीब 12 बजे अचानक दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। शोर-शराबा सुनकर रमाशंकर वर्मा की नींद खुली। उन्होंने पूरे परिवार के साथ घर के बाहर भागकर जान बचाई। तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। कुछ ही देर में मौके पर दो दमकल वाहन पहुंचे। अग्निशमनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। दुकान का अधिकांश सामान जल गया।

# ऑक्सीजन अस्पताल में मौत मामले की नए सिरे से होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित अस्पताल को मिली राहत

**अमृत विचार :** तीन वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में पहले दोषी करार दिए जाने के बावजूद ऑक्सीजन अस्पताल को एक बार फिर राहत मिलती दिख रही है। स्वास्थ्य विभाग ने पूरे प्रकरण की दोबारा जांच कराने के लिए दो सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। यह समिति मामले की नए सिरे से जांच कर रिपोर्ट देगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

बताया गया कि 21 जुलाई को ऑक्सीजन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की थी। मामले की पहली जांच अपर निदेशक (लखनऊ मंडल) डॉ. जीपी गुप्ता ने की थी। जांच के दौरान अस्पताल के डॉक्टर को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह बीमारी का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुआ।

कई माह बाद अपर निदेशक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सीएमओ कार्यालय की ओर से अस्पताल को कई बार नोटिस भेजे गए, लेकिन अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर साक्ष्यों के साथ पेश नहीं हुए। इसके बाद दिसंबर में जांच समिति ने अस्पताल को दोषी ठहराते हुए रिपोर्ट भेजी थी और लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी शुरू हुई थी। इसके बाद अस्पताल संचालक ने रिपोर्ट को चुनौती दी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने दो सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित कर पुनः जांच का निर्णय लिया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के अनुसार, समिति सभी बिंदुओं की जांच कर रिपोर्ट पुलिस को सौंपेगी।

## जालसाजी

### ठगी के शिकार पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाना और आशियाना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

# शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कारोबारी समेत चार से ऐंठे एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शेयर ट्रेडिंग में निवेश और मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने कारोबारी, बुजुर्ग और मां-बेटी से एक करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। जालसाज ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और फेसबुक के माध्यम से फंसाया। पीड़ितों ने साइबर थाना और आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मूल रूप से चिनहट के हासेमऊ निवासी कारोबारी विशाल ओझा गोमतीनगर के विराटखंड में परिवार संग किराए पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि जालसाज युवती ने एंजल वन कंपनी के सीईओ की पर्सनल असिस्टेंट बनकर मुनाफे का झांसा दिया। एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़कर एप डाउनलोड करायी। फिर कई बार में 87.59 लाख रुपये जमा करा लिए गए। ट्रेडिंग अकाउंट में 29 लाख का मुनाफा देख पीड़ित ने विड्राल का प्रयास किया तो और रुपयों की मांग की गयी। शक होने पर पीड़ित ने छानबीन की तो ठगी का पता चला।



वहीं, महानगर के सेक्टर-ए निवासी 83 वर्षीय शेखर खन्ना ने बताया कि साइबर जालसाज ने फेसबुक के माध्यम से उन्हें फंसाया। उसके बाद सात बार में 5.95 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

उधर, आशियाना निवासी पूनम खुराना ने बताया कि उनके मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब के लिए कॉल आयी। संपर्क करने पर उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। स्टाक मार्केट में निवेश के नाम पर पूनम खुराना से 2.30 लाख और उनकी बेटी साध्वी के खाते से 4.30 लाख रुपये जमा करा लिए गए। पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## अंजान नंबर की कॉल उठाने पर उड़ गए खाते से रुपये

- सरोजनीनगर, गोमतीनगर और चिनहट क्षेत्र के लोगों को साइबर जालसाजों ने बनाया निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने तीन युवकों के खातों से 5.50 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने कॉल कर मोबाइल हैक किया तो कहीं यूपीआई की मदद से रुपये निकाले गए। साइबर ठगी के यह मामले सरोजनीनगर, गोमतीनगर और चिनहट के हैं। पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

सरोजनीनगर के हिंदनगर एलडीए कॉलोनी निवासी चिराग बुधराजा ने बताया कि 16 जनवरी की देर शाम उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। रिसीव करने पर आवाज न आने पर स्वतः कट गई। इसके बाद उनके आरबीएल बैंक क्रेडिट कार्ड से 1,72,687 रुपये की खरीदारी और 10,000 रुपये वॉलेट में ट्रांसफर होने का मैसेज मिला। जांच में पता चला कि ऑर्डर कोलकाता से किसी सुमित के नाम पर बुक हुआ था।

वहीं, गोमतीनगर के विनीतखंड-1 निवासी राहुल सिंह के पास एचएसबीसी बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 9 जनवरी को जालसाज ने उनके खाते से दो बार में 2,94,552 रुपये पार कर दिए। उधर, मूल रूप से गोंडा निवासी राकेश कुमार पांडेय चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर में रहते हैं। साइबर जालसाज ने यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 72,500 रुपये गायब कर दिए।

## एलडीए के भवन को अपना बताकर बेचा, ठगे 57 लाख

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** एलडीए के मकान को अपना बताकर जालसाज बिल्डर ने बरेली की महिला को बेचकर 57 लाख ऐंठ लिए। आरोपी ने जाली रजिस्ट्री कर कब्जा दे दिया। फर्जीवाड़े की जानकारी पीड़िता को तब हुई जब एलडीए ने उसका ताला तोड़कर अपना ताला भवन में लगा दिया। पीड़िता ने एलडीए अधिकारियों और बिल्डर के खिलाफ बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बरेली के सैदपुर हाकिंस स्थित कर्मचारी नगर निवासी पूनम सिंह ने बताया कि वह लखनऊ में प्लॉट खरीदने की इच्छुक थी। मई 2025 में हरिहरपुर स्थित गायत्री नगर निवासी बिल्डर सत्यप्रकाश सिंह ने बिजनौर के अवध रेजीडेंसी औरंगाबाद जागीर स्थित 1085 वर्ग फीट का आवासीय मकान दिखाया था। पसंद आने पर आरोपी ने 57 लाख रुपये खाते में लेकर फर्जी बैनामा कर दिया था। पूनम ने घर में अपना सामान रखकर ताला लगा दिया था। पीड़िता का कहना है कि एजेंट अजय मिश्रा के माध्यम से उक्त मकान का पंजीकरण इण्डुष इंफ्रा एंड प्राइवेट बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक आशीष त्रिपाठी ने एक लाख रुपये लेकर किया था। आरोप है कि 57 लाख की धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत की। आदेश पर पुलिस ने सत्यप्रकाश सिंह और एलडीए के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तस्करी कर ले जा रहे थे बच्चे, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चारबाग रेलवे स्टेशन पर मजदूरी कराने को ले जाए जा रहे चार बच्चों को पुलिस ने बचाया

**अमृत विचार:** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने शनिवार को बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। उसके पास से चार बच्चों को सकुशल बरामद किया है। इन बच्चों को बाल श्रम के लिए तस्करी कर चारबाग से ट्रेन से पश्चिम बंगाल से गुजरात ले जा रहे थे। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव के मुताबिक, एएचटी व आरपीएफ को लगातार बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह के बारे में इनपुट जुटा रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि बच्चों को बाल श्रम कराने के लिए दूसरे राज्यों में ट्रेन से ले जाया जा रहा है। सूचना पर टीम ने तत्परता दिखाते हुए चारबाग रेलवे स्टेशन में घेराबंदी की। शनिवार को गांधीधाम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-06 की तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। एडीसीपी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर स्थित रायगंज के खड़ाबाड़ी निवासी सैफुद्दीन है। तलाशी में उसके कब्जे से चार बच्चे बरामद किए गए। बच्चों की उम्र 16 से 17 वर्ष से कम है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि आरोपी उन्हें पश्चिम बंगाल से गुजरात के रतनामणि स्थित अर्चित प्लाईबोर्ड फैक्ट्री में काम दिलाने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने तत्काल सभी बच्चों को मुक्त कराते हुए बाल कल्याण समिति के आदेश पर उन्हें राजकीय बालगृह (बालक) मोहान रोड, में सुरक्षित आश्रय दिलाया। एडीसीपी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ एएचटी थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

**सिटी ब्रीफ**

### निदेशक पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएसएसआईआर- सीमैप के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक प्रो. आलोक कुमार कृष्णा ने निदेशक पर गंभीर कदाचार व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। विनायकपुरम सेक्टर 12 लखनऊ निवासी प्रो. आलोक कुमार कृष्णा ने सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पीएमओ के जीरो टॉलरेंस नीति का उलंघन किया है। इसके अलावा भर्ती प्रक्रिया में गंभीर भ्रष्टाचार किया गया है और पद का दुरुपयोग किया है। इसके अलावा प्रो. कृष्णा का आरोप है कि निदेशक अपनी ही शोध छात्रा के चयन करने के लिए नियम बदले हैं।

### झांसा देकर परिचित से 28.50 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारदा नहर की सिल्ट निकालने के टेंडर में निवेश पर मुनाफा देने का झांसा देकर फर्म मालिक ने परिचित से 28.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित निजामपुर मल्हौर निवासी विकास यादव ने दो दोस्तों से उधार लेकर नकद व खाते में रुपये दिए। तय समय बाद पीड़ित ने मूल रकम मुनाफे संग मांगी तो आरोपी ने दो साथियों संग उसे पीटा और धमकी दी। चिनहट पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हर संस्थान 25 टीबी मरीजों को गोद ले : सीडीओ

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई बैठक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**


बैठक में शामिल सीडीओ, सीएमओ सहित अन्य।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी. के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अजय जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ अजय जैन ने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से ही टीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि अधिक से अधिक लोग और संस्थान टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आगे आएं, जिससे मरीजों को भावनात्मक और पोषणात्मक सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निजी संस्थान को कम से कम 25 क्षय रोगियों को गोद लेने का प्रयास करना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि निजी अस्पताल टीबी की समय पर पहचान, उचित इलाज और मरीजों को सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. एके सिंघल ने बताया कि जिले में वर्तमान में 28 टीबी यूनिट्स कार्यरत हैं और कुल 13,663 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से 3,893 मरीजों को 4,565 निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिया गया है।


बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक दिलशाद हुसैन, पीपीएम समन्वयक रामजी वर्मा और सौमित्र मिश्रा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अभय चंद्र मित्रा, लोकेश कुमार, पवन तिवारी, सीफॉर तथा जिले के करीब 50 निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ग्रामोफोन आर्ट फेस्टिवल आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊषा महेश फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को लखनऊवासियों के लिए ग्रामोफोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन होगा। यह फेस्टिवल आम लोगों में छिपी कलाकारी को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

संगीत नाटक अकादमी में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू होंगे। दिल्ली से सेलिब्रिटी और टीवी-रेडियो की जानी मानी हस्ती ऋचा अनिरुद्ध पुरस्कार वितरण करेंगी। शहर के गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रहेगी।

फेस्टिवल में चार मुख्य सेगमेंट होंगे। कलम-दवात (लेखनी), कलाशिल्प कौशल (रीसाइक्लिंग और हस्तशिल्प), पाक शास्त्र प्रतियोगिता (पुराने व्यंजन) और धुन-सुन संगीत (गायन एवं नृत्य)। इसके अलावा मंडला आर्ट, रेसिन आर्ट, कढ़ाई, क्रोशिया, बुनाई और बेकिंग वर्कशॉप्स के स्टॉल होंगे। श्री संत गाडगे प्रेक्षागृह में शाम 5:45 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें 45 से 80 वर्ष के कलाकार लोक, शास्त्रीय और बॉलीवुड का संगम प्रस्तुत करेंगे।


कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ व अन्य।

# ओटी प्रोटोकॉल की चूक से बढ़ सकता है संक्रमण का खतरा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में विशेष प्रशिक्षण आयोजित**

**अमृत विचार :** ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में प्रोटोकॉल का सही पालन न होने पर सर्जरी के बाद संक्रमण का खतरा 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। वहीं उपकरणों की गलत हैंडलिंग से हर चौथे मरीज में जटिलताएं सामने आ सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आपात स्थिति में प्रशिक्षित ओटी पर्सनल की कमी से प्रतिक्रिया समय 50 प्रतिशत तक धीमा हो जाता है, जो मरीज की जान के लिए घातक हो सकता है।

इन्हीं जोखिमों को कम करने और सर्जिकल सेफ्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के ऑर्थोपेडिक्स विभाग ने शनिवार को ऑपरेटिंग रूम पर्सनल (ओआरपी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व ऑर्थोपेडिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. पुलक शर्मा ने किया। उन्होंने कहा, सर्जरी की सफलता केवल सर्जन की दक्षता पर निर्भर नहीं करती, बल्कि ओटी पर्सनल की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। ओटी पर्सनल सर्जरी के साइलेंट गार्डियन होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, मरीज की गलत पोजिशनिंग से नर्व इंजरी, प्रेशर सोर और लंबे समय तक दर्द की समस्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। वहीं नियमित और संरचित प्रशिक्षण से सर्जिकल एरर में 20 से 30 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है और मरीज की रिकवरी तेज होती है।

कार्यक्रम में ऑपरेशन थिएटर स्टाफ, रेजिडेंट डॉक्टर और फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन न केवल एक शैक्षणिक पहल रहा, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देता है कि बेहतर सर्जरी केवल अच्छे डॉक्टर से नहीं, बल्कि प्रशिक्षित और सजग ओटी टीम से ही संभव है।


कार्यक्रम में मौजूद बाल रोग विशेषज्ञ व स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

# नवजात के जीवन का पहला एक मिनट सबसे अहम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **एनआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने सिखाए नवजात पुनर्जीवन के गुर, 45 बाल रोग विशेषज्ञ हुए प्रशिक्षित**

**अमृत विचार :** नवजात शिशु के जन्म के बाद का पहला एक मिनट उसके पूरे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। जन्म के तुरंत बाद यदि किसी शिशु को सांस लेने में परेशानी होती है तो प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी समय रहते पुनर्जीवन देकर उसकी जान बचा सकते हैं। यह जानकारी लखनऊ बाल रोग अकादमी की ओर से आयोजित नेशनल रीससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी) के तहत नवजात शिशु पुनर्जीवन विषयक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. उत्कर्ष बंसल ने दी।

लखनऊ बाल रोग अकादमी की ओर से एनआरपी के अंतर्गत शहर के एक होटल में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. उत्कर्ष बंसल ने बताया कि भारत में नवजात एवं बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से अकादमी लगातार इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है, ताकि प्रसव के समय मौजूद स्वास्थ्य कर्मी आपात स्थिति में तुरंत सही कदम उठा सकें।

कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कि जन्म लेने वाले लगभग 85 प्रतिशत नवजात शिशु बिना किसी परेशानी के सामान्य रूप से सांस लेने लगते हैं, जबकि करीब 15 प्रतिशत शिशुओं को जन्म के तुरंत बाद चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में प्रशिक्षित हाथ ही नवजात का जीवन बचा सकते हैं।

डफरिन अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कृत्रिम वातावरण में विशेष पुतलों (मैनिकिन) पर नवजात पुनर्जीवन की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाता है। बार-बार अभ्यास के जरिए दक्षता विकसित की जाती है, जिसका मूल्यांकन अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया जाता है। कार्यशाला में डॉ. एकांश राठौड़िया, डॉ. अमित रस्तोगी, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. परमिंदर सिंह सहित बाराबंकी, सीतापुर और अमेठी से आए कुल 45 बाल रोग विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

# संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल महिला मोर्चा की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **तूलिका जौहरी बनीं नगर प्रभारी**


बैठक में शामिल महिला उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** के अलीगंज मे संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल महिला मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तूलिका जौहरी को महिला मोर्चा का लखनऊ नगर प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान महिला उद्यमियों ने अपनी वर्तमान व्यावसायिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। महिला व्यापारियों ने बताया कि ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव से उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए व्यापारियों से संगठित होकर एक-दूसरे के व्यवसाय को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उन्होंने सुझाव दिया कि व्यापारी अपने फर्म नाम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय हों। आवश्यकता पड़ने पर संगठन की ओर से आपसी सहयोग से खरीदारी का भरोसा भी दिया गया। इस अवसर पर बेहतरीन कार्य करने वाले पदाधिकारियों को नगर प्रभारी की ओर से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि उनका हेल्थ से जुड़ा व्यवसाय है, जिसमें बेरोजगार लोग उनके साथ जुड़कर काम कर सकते हैं और उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र में कक्षा-9 की छात्रा से गांव के युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। लोकलाज के चलते परिजन ने शिकायत नहीं की। इसपर आरोपी की हिम्मत और बढ़ गयी। आरोपी ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करते हुए किशोरी पर शादी का दबाव बनाया। इंकार पर धमकाया। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी से गांव का रहने वाला संदीप आए दिन छेड़छाड़ करता था। 1 जनवरी को शाम सात बजे आरोपी बहाने से किशोरी को गांव के बाहर ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह वहां से भागी पीड़िता रोते हुए घर पहुंची और आपबीती परिजन को बतायी।

# पदोन्नति मिलने पर जताया निदेशक और चयन समिति का आभार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग में 24 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद चीफ फार्मेसिस्ट पद पर 42 फार्मासिस्टों की पदोन्नति की गई है। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद फार्मासिस्टों में खुशी का माहौल है। वेटनरी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने इस ऐतिहासिक पदोन्नति के लिए विभागीय निदेशक डॉ. मेमपाल सिंह का आभार व्यक्त किया है।

संघ के अध्यक्ष किरण सिंह और महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि कुल 49 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 42 फार्मासिस्टों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच फार्मासिस्टों की वार्षिक चरित्रावली (सीआर) अधूरी होने के कारण उनकी पदोन्नति फिलहाल नहीं हो सकी है। निदेशक ने आश्वस्त किया है कि संबंधित सीआर प्राप्त होते ही शेष फार्मासिस्टों की पदोन्नति प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी कर ली जाएगी।

**सिटी डायरी**


अलका श्रीवास्तव को सम्मानित करती निदेशक।

### चीफ फार्मासिस्ट अलका श्रीवास्तव सेवानिवृत्त, किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय में चीफ फार्मेसिस्ट अलका श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चिकित्सालय निदेशक डॉ. कजली गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेश चंद्र पांडेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक और फार्मेसी विभाग के अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. कजली गुप्ता ने कहा कि अलका की सौम्यता, सेवा भावना और कर्त्तव्यपरायणता सभी कर्मियों के लिए प्रेरणा हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चिकित्सा अधीक्षक ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पूर्व प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एसके यादव ने कहा कि चिकित्सालय परिवार हमेशा जनता की स्वास्थ्य सेवा के लिए तत्पर रहा है। कार्यक्रम में फार्मेसिस्ट फेडरेशन अध्यक्ष सुनील यादव ने अलका के लोकप्रिय व्यक्तित्व और कर्त्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डाला।


रक्षामंत्री से मिलते उप्र शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष।

### शिया वक्फ से जुड़े अहम मुद्दों पर रक्षा मंत्री से मिले अली जैदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली ज़ैदी ने शनिवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान वक्फ से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से शिया समुदाय की सामाजिक और शैक्षिक आवश्यकताओं, वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, प्रबंधन और विकास से जुड़े मुद्दों पर संवाद हुआ। वहीं रक्षा मंत्री ने वक्फ संस्थाओं की भूमिका को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सामाजिक सौहार्द, संवैधानिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली भी मौजूद रहे।



मरीजों को पुष्टाहार पोटली वितरित करते सोसायटी के पदाधिकारी।

### टीबी मरीजों को वितरित की पुष्टाहार पोटली

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखनऊ शाखा की ओर से गोद लिए गए टीबी मरीजों को पुष्टाहार पोटली का वितरण ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी का इलाज करा रहे मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना रहा। इस मौके पर इ इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखनऊ शाखा के सचिव अमरनाथ मिश्र, अनुराग मिश्र अन्नू, जितेंद्र सिंह चौहान, ऋतुराज रस्तोगी, मजीद अली खान, मो. खालिद खान, आलोक अग्रवाल, मनोज तिवारी, मनीष शुक्ला आदि रहे।



हिंदू सम्मेलन में लोगों को सम्मानित करते समिति के लोग।

### नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे हो सभी विद्यालयों की प्रार्थना

**अमृत विचार, लखनऊ :** बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को अवध विहार योजना स्थित सरयू एन्क्लेव के सामने रोटरी संख्या-8 के पार्क में हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महंत सिद्धेश्वरानन्द गिरी महाराज, विशिष्ट अतिथि कथा वाचक पंडित राम प्रकाश ओझा तथा मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व समाजसेवी अश्वनी उपाध्याय ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

**नवाचार** सीएसआईआर-सीमैप में आयोजित किसान मेला-2026 का समापन

# हनुमान गढ़ी के फूलों से बनेगी धूप और सुगंधित सामग्री

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के मंदिरों से निकलने वाले पूजन सामग्री से धूप, अगरबत्ती के साथ ही इत्र और सुगंधित द्रव्यों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए अयोध्या के हनुमान गढ़ी में इसकी शुरुआत होने जा रही है। सीएसआईआर-सीमैप ने अपने दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला में कई प्रकार की तकनीक उद्योग जगत को हस्तांरित किया। किसान मेले में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों किसानों ने सहभागिता की और प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि महानिदेशक सीएसआईआर व सचिव, डीएसआईआर केंद्र सरकार डॉ. एन. कलैसेल्वी ने कहा कि यह किसान मेला त्रिवेणी संगम की तरह है जहां किसान, उद्योगपति और वैज्ञानिक एक साथ जुटे हैं।

एनबीआरआई के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने कहा कि संस्थान किसानों की आय बढ़ाते हुए मेन्था के उत्पादन और निर्यात में शीर्ष स्तर पहुंचा दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नींबूघास, रोशाघास, पामारोजा, जिरेनियम जैसी सगंधीय फसलें कम पानी वाले अथवा सूखा प्रभावित क्षेत्रों में सफलता पूर्वक उगाई जा सकेंगी।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. प्रबोध त्रिवेदी ने सभी का स्वागत किया और संस्थान के प्रयासों की जानकारी दी। संयोजक डॉ. संजय कुमार ने किसान मेला की गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रामसुरेश शर्मा, डॉ. ऋषिकेश भिसे और डॉ. अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।


महानिदेशक को सम्मानित करते निदेशक डॉ. प्रबोध त्रिवेदी।


मनकामेश्वर मंदिर में महंत को विभूति भेंट करते अधिकारी।

### इन तकनीक का भी हुआ हस्तांतरण

- एरोक्लीन (रूम फ्रेशनर) तकनीक का एम-एस उद्यान, बेंगलुरु को हस्तांतरण।
- जैव-सक्रिय फफूंदनाशी फॉर्मूलेशन का एम-एस ग्रीन पावक बायोटेक प्रा. लि., लखनऊ को हस्तांतरण।
- संस्थान ने मेघालय बेसिन विकास प्राधिकरण को मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने की तकनीक दी।
- बेलपत्र बॉडी लोशन और फ्लोरा सोल उत्पादों का शुभारंभ किया गया।

### कॉफी टेबल बुक का हुआ विमोचन

- एरोमा मिशन के अंतर्गत किसान से उद्यमी बने 121 लोगों की सफलता की कहानी को कॉफी टेबल बुक के रूप में प्रकाशित किया गया। इसके अलावा एक पुस्तिका का विमोचन किया गया जो किसानों को सही खेती विधियों को अपनाकर पैदावार बढ़ाने, जोखिम कम करने और आय बढ़ाने में मदद करेगी।

### संजय सिंह प्रमुख दस मंदिरों में बनाएंगे धूप अगरबत्ती

- अमेठी निवासी संजय सिंह अयोध्या के हनुमान गढ़ी के फूलों से धूप-अगरबत्ती और सुगंधित द्रव्यों का निर्माण करेंगे। उन्होंने बताया कि सीएसआईआर-सीमैप से उन्होंने तकनीक ली है और प्रदेश के 10 प्रमुख मंदिरों में इसे शुरु करने का उनका लक्ष्य है।

### 80 प्रतिशत निकोटीन मुक्त सिगरेट बना रहा सीएसआईआर

- महानिदेशक ने बताया कि संस्थान ऐसा सिगरेट तैयार कर रहा है जिसमें 80 प्रतिशत निकोटिन नहीं होगा और इससे तंबाकू की लत छूट जाएगी। इसके अलावा तंबाकू के आदती लोगों को इसे पीने के बाद पूरी संतुष्टि महसूस होगी।

### मनकामेश्वर के बेलपत्र व फूलों से बनेगी शिव भभूत

- मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव को चढ़ने वाले बेलपत्र और फूलों से शिवभभूत का निर्माण किया जाएगा। इसकी तकनीक सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान ने विकसित की है, जिसका प्रारंभ शनिवार को कर दिया गया। सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक डॉ. एके शासनी ने बताया कि मंदिर की पूजन सामग्री से नई अर्थव्यवस्था खड़ी करने की पहल शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत पुष्प अर्पण जैसे पवित्र अपशिष्ट को स्वदेशी तकनीक से शिव भभूत में बनाया जा रहा है। इसका वैज्ञानिक परीक्षण किया गया है व इसे मानव त्वचा एवं उपयोग के लिए सुरक्षित प्रमाणित किया गया है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर में भी लागू किया जा चुका है।

## सिटी ब्रीफ

### बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट पर कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत "बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट एवं फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार द्वारा किया गया। डॉ. महेश ने कहा की सड़क दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में उपस्थित डॉ. विशाल श्रीवास्तव व डॉ. जफर ने प्रतिभागियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) एवं आपातकालीन प्राथमिक उपचार की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने दुर्घटना की स्थिति में सही प्रतिक्रिया एवं जीवनरक्षक तकनीकों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों सहित कुल 50 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कर सहभागिता की।

### उच्च शिक्षा संस्थानों में हुई आईकेएस परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर की भारत बोध इंडियन नॉलेज सिस्टम परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। यह परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय व विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुई। परीक्षा के समन्वय की जिम्मेदारी विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा निभाई गई। परीक्षा में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक एवं शोधार्थी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में 2000 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता दर्ज की गई। प्रश्नपत्र दो भागों में विभाजित रहा। प्रथम भाग में बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल थे, जबकि द्वितीय भाग में एक वर्णनात्मक प्रश्न दिया गया, जिसका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा में देना था।

### सीयूईटी के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी


**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 4 फरवरी की रात 11:50 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित थी। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय में यूजी स्तर के कुल 25 पाठ्यक्रमों की 1808 सीटों पर सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

### मतदाता बनने के लिए भरवाए फार्म-6

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष अभियान के तहत शनिवार को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर मतदाता सूची का प्रदर्शन किया। इसके अलावा दावे एवं आपत्तियां लेने के साथ नए मतदाता बनने के लिए फार्म 6 व घोषणा पत्र के साथ आवेदन कराए। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी और मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा बीएलओ से आपत्तियों और नए आवेदनों की जानकारी प्राप्त की।

## समझी संसदीय प्रणाली





### दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने किया विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में ईएमईटी के अभ्यर्थी, उनके प्रशिक्षक, स्वयंसेवक और विवि में हेल्प द ब्लाइंड फाउंडेशन (एचटीबीएफ) के सहयोग से आयोजित शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों को राज्य की विधायी व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, कानून कैसे बनते हैं और सदन में चर्चा कैसे होती है, इसकी जानकारी हासिल किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विधानसभा भवन की फोटो गैलरी दिखाई गई, उन्हें पूर्व और वर्तमान नेताओं से जुड़ी जानकारी मिली। इसके बाद उन्हें विधानसभा का विशेष स्पर्शनीय (टैक्टाइल) मॉडल दिखाया गया, जिससे दृष्टिबाधित विद्यार्थी स्पर्श के माध्यम से भवन की संरचना को समझ सके।

# स्टेडियम में दिखा खिलाड़ियों का जोश

## दौड़ को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- रन फॉर राम के साथ अटल खेल महोत्सव का हुआ आगाज
- पहले दिन कबड्डी और खो-खो के मुकाबले रोमांचक रहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती, लखनऊ की देखरेख में शनिवार को रन फॉर राम के साथ अटल खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। 1090 चौराहे से आयोजित इस दौड़ को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालक वर्ग में सक्षम कनौजया प्रथम, राहुल राजभर द्वितीय और अविनाश सैनी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में रूबी ने पहला, मोहनी यादव ने दूसरा और मोहिनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

रन फॉर राम के बाद केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल खेल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन हुआ। समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी महेंद्र कुमार सिंह और अवनीश सिंह सहित अन्य अतिथियों ने हनुमानजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया।



उद्घाटन समारोह के मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ मौजूद खिलाड़ी। अमृत विचार

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित यह महोत्सव युवाओं को स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पहले दिन कबड्डी और खो-खो के मुकाबले रोमांचक रहे। आयोजन सचिव अनिल अग्रवाल के अनुसार विजेताओं को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# गोरख पाण्डेय क्रांतिकारी योद्धा थे: रोहित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जन संस्कृति मंच की ओर से शनिवार को गोरख पाण्डेय स्मृति दिवस का आयोजन एसबीएम लाइब्रेरी, जगत नारायण रोड पर हुआ। जिसमें गोरख पाण्डेय के जीवन और रचना कर्म पर चर्चा हुई तथा गोविंद निहलानी की मशहूर फिल्म 'पार्टी' दिखाई गई।

गोरख पाण्डेय की कविता पर बोलते हुए युवा आलोचक रोहित यादव ने कहा कि वे साहित्यकार ही नहीं बल्कि सर्वहारा के क्रांतिकारी योद्धा रहे हैं, जिन्होंने साहित्य में ही नहीं अपितु अपने जीवन में भी कोई समझौता नहीं किया। इसके लिए उन्होंने जन आंदोलनों की कविता और गीतों की रचना की। वे मानते थे कि ''कला कला के लिये'' नहीं बल्कि ''जीवन को खुबसूरत बनाने के लिए हो''।

दूसरे सत्र में गोविंद निहलानी की फिल्म ''पार्टी'' दिखाई गई। यह फिल्म मराठी लेखक महेश एलकुंचवार के नाटक पर आधारित 1984 में बनी थी और अपने समय में काफी चर्चित हुई थी। यह मध्यवर्गीय बुद्धिजीवियों पर तीखा व्यंग्य करती है तथा उनके विचार और व्यवहार के दोहरेपन को उजागर करती है। वे शोषितों के प्रति मात्र दिखावा करते हैं। उनके जीवन और संघर्ष से वास्तविक जुड़ाव नहीं होता है। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कवि-लेखक कौशल किशोर ने कहा कि फिल्म उस वक्त बनी थी जब देश में इंदिरा गांधी सत्तारूढ़ थीं। भारत भवन और सत्ता के प्रति लेखकों में मोह बढ़ रहा था। दूसरी तरफ जन आंदोलन तेज हो रहे थे। आज तो उससे ज्यादा खराब हालत है। बौद्धिक समुदाय में रीढ़विहीनता बढ़ी है। प्रगतिशीलता और जन सरोकार कहने की बातें हैं। प्रतिरोध के विचारों और आंदोलन से दूरी है। ''पार्टी'' फिल्म बौद्धिक वर्ग के ढुलमुल चरित्र का आईना है।

कार्यक्रम का संचालन सुचित माथुर ने किया। इस अवसर पर विमल किशोर, फरजाना महदी, सत्य प्रकाश चौधरी, रिजवान अली, शांतम निधि, आशीष कुमार, राकेश कुमार सैनी, रिजवी, ए शर्मा, रामायण प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम आज भी देशवसियों को कर रहा प्रेरित : राज्य सूचना आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर शनिवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में वंदे मातरम् समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय केन्द्र के सचिव डॉ देवेंद्र त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि थे। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि वंदे मातरम् आज भी देशवासियों को प्रेरित कर रहा है। संगीत में सबको संग ले चलने का महती गुण भी होता है। उन्होंने प्रयागराज और नाद के आदिदेव भगवान शिव का उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय संगीत का उद्गम शिव के डमरू से माना गया है। अकादमी के अध्यक्ष प्रो.जयंत खोत ने कहा कि अकादमी शास्त्रीय संगीत से लेकर लुप्तप्राय कलाओं तक का संरक्षण और संवर्धन कर रही है। समारोह में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' का मधुर गायन कमला कान्त और उनके साथियों ने किया। इसके बाद अकादमी की संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं ने वाद्य-वृन्द की प्रभावी प्रस्तुति दी, जिसमें राग देस के बाद वंदे मातरम की कर्णप्रिय गीत स्वरित किया गया। अर्थव प्रताप सिंह ने बांसुरी, संकल्प मिश्रा ने सितार, सोहम मिश्रा और आराध्य प्रवीन ने तबला वादन किया। गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों में गायक कमलाकांत के साथ तबले पर पार्थ प्रतिम मुखर्जी, शाहनवाज खां, कथक प्रशिक्षिका नीता जोशी, श्रुति शर्मा, रजनी वर्मा, सहित राजीव शुक्ला, अर्चना यादव एवं कथक केन्द्र की सभी 55 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# स्क्रीन से पन्नों की ओर लौटने का संकल्प लेंगे छात्र

- छात्रों को पुस्तकें पढ़ने के लिए किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डिजिटल युग में मोबाइल और स्क्रीन के बढ़ते प्रभाव के बीच विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने के उद्देश्य से माध्यमिक शिक्षा विभाग एक नई पहल करने जा रहा है। इसी क्रम में 3 फरवरी को सुबह 10 बजे राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में "पठन संस्कृति उत्सव" का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा विभाग और नेशनल बुक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करना, उनकी आलोचनात्मक सोच को मजबूत करना और साहित्यिक संवेदना को



जाग्रत करना है।

उत्सव के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी, 'बूके नहीं, बुक' अभियान, लेखक संवाद, साहित्यिक प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम डॉ. सांत्वना तिवारी, विशेष कार्याधिकारी, पुस्तकालय प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। आयोजन को सफल बनाने में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र में उद्घाटन और लेखक संवाद होगा, जिसमें अपर मुख्य सचिव माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा पठन संस्कृति के महत्व पर विचार रखेंगे। उनके साथ कवि यतीन्द्र मिश्र और कथाकार चंद्रशेखर वर्मा संवाद करेंगे। द्वितीय सत्र में कला उत्सव के विजेता विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां होंगी, वहीं हिमांशु बाजपेई द्वारा कथावाचन भी किया जाएगा।

### विकास के तूफानी शतक से सीवीसीएल ने दर्ज की शानदार जीत

**अमृत विचार , लखनऊ:** मैन ऑफ द मैच विकास अरोड़ा की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत सीवीसीएल ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मुकाबले में लाइव टीवी एक्सप्रेस को 118 रन से करारी शिकस्त दी। चौक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में सीवीसीएल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 241 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से विकास अरोड़ा ने 55 गेंदों पर नौ चौके और सात छक्कों की मदद से 116 रन की तूफानी शतकीय पारी खेली।

## सिटी डायरी



सीएमएस अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा नाविका वर्मा।

### नेशनल नृत्य प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा नाविका वर्मा बैटल स्पोर्टडांस नेशनल चौम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम पुरस्कार अर्जित की है। नेशनल लेविल पर आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नाविका ने 12 वर्ष से कम आयुवर्ग की क्लासिकल सोलो कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपनी नृत्य प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन बैटल स्पोर्ट डान्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के चुने हुए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।



अंधे की पुलिस चौकी के पीछे नबीपनाह जाने वाला बदहाल मार्ग।

### दुबग्गा में सड़क बनी हादसों की वजह

**अमृत विचार , काकोरी :** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में अंधे की पुलिस चौकी के पीछे नबीपनाह जाने वाला मार्ग बीते छह महीनों से बदहाल स्थिति में है। जर्जर सड़क के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे सबसे अधिक दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। अब तक करीब 50 से अधिक लोग इस सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं, जिनमें कई को गंभीर चोटें आई हैं। बारिश या हल्की नमी के दौरान सड़क और अधिक फिसलन भरी हो जाती है, जिससे हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों की आवाजाही होती है।



कक्षा में टूटे पड़े बेंच

### कक्षा में टूटे बेंच और डेस्क का वीडियो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय का एक विडियो सामने आया है जिसे छात्रों का कहना है कि विधि संकाय का है। इसमें छात्रों का आरोप है कि कक्षा में बैठने की बैंच और डेस्क टूटी हुई है। वीडियो में छात्र टूटे हुए फर्नीचर को दिखाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि जब वे इस समस्या को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत करते हैं तो उन्हें समाधान देने के बजाय दूसरी बेंच पर बैठने की सलाह दी जाती है।



संगठन की सदस्यता ग्रहण करते लोग।

### भाकियू (क्रान्ति) से दर्जनों लोग जुड़े

**अमृत विचार , काकोरी :** भारतीय किसान यूनियन (क्रान्ति) की महिला जिला अध्यक्ष सुनीता के नेतृत्व में शनिवार को काकोरी कस्बे के मोहल्ला वलीनगर में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और दर्जनों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि संगठन किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है।

## खेल-खिलाड़ी

टीम मालिकों के बीच पसंदीदा खिलाड़ियों को अपनी टीम से जोड़ने की जबरदस्त होड़ देखने को मिली

# लखनऊ प्रीमियर लीग की नीलामी में खिलाड़ियों पर जमकर हुई धनवर्षा



लखनऊ प्रीमियर लीग की पहली नीलामी में शामिल फ्रेंचाइजर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के क्रिकेट प्रेमियों का लंबा इंतज़ार शनिवार को उस समय खत्म हुआ, जब लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) की पहली नीलामी में फ्रेंचाइजियों ने खिलाड़ियों पर जमकर धनवर्षा की। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर शुरू की जा रही इस लीग में पहले ही दिन टीम मालिकों के बीच पसंदीदा खिलाड़ियों को अपनी टीम से जोड़ने की जबरदस्त होड़ देखने को मिली। नीलामी में कुल 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रात 10 बजे तक ए-ग्रेड के 40, बी-ग्रेड के 60 और सी-ग्रेड के 40 खिलाड़ियों की बोली पूरी हो चुकी थी। लीग की सभी छह टीमें लखनऊ नवाब्स, लखनऊ एसेज, लखनऊ चैलेंजर्स, लखनऊ पैंथर्स, लखनऊ लायन्स और लखनऊ स्ट्राइकर्स अपने-अपने कोच और मेंटर के साथ सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन बनाने में जुटी रहीं।

**लखनऊ पैंथर्स ने दिखाई सबसे आक्रामक रणनीति:** नीलामी के पहले दिन लखनऊ पैंथर्स सबसे आक्रामक फ्रेंचाइजी के रूप में उभरी। टीम ने अपने 8.5 लाख रुपये के पर्स में से 5 लाख रुपये केवल चार खिलाड़ियों पर खर्च कर दिए। पैंथर्स ने रित्विक वत्स, हिमांशु असनोरा, कार्तिक सिद्धू और सत्यम पाण्डेय को 1.25-1.25 लाख रुपये की बड़ी राशि में खरीदकर अपनी टीम को मजबूत किया। वहीं, लखनऊ एसेज ने भी अपनी मंशा साफ करते हुए साहब युवराज सिंह और हिमांशु सिंह को 1.25-1.25 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया।

पहली बार लखनऊ प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच प्रदान करना है। जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके खेल में निखार आएगा और प्रोफेशनल सोच विकसित होगी। सभी मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे। हर टीम के साथ अनुभवी कोच और मेंटर नियुक्त किए जाएंगे।

-डॉ. नवनीत सहगल,
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ

### कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

नीलामी के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल, सचिव केएम खलीक और सुजय त्रिपाठी, एलपीएल के कमिश्नर एसपी त्रिपाठी, एंटी करप्शन प्रभारी राजेश पाण्डेय सहित विभिन्न फ्रेंचाइजियों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सबसे महंगे शीर्ष 10 खिलाड़ी

| खिलाड़ी का नाम | टीम | धनराशि |
|---|---|---|
| रित्विक वत्स | लखनऊ पैंथर | 1.25 लाख रुपये |
| हिमांशु असनोरा | लखनऊ पैंथर | 1.25 लाख रुपये |
| कार्तिक सिद्धू | लखनऊ पैंथर | 1.25 लाख रुपये |
| सत्यम पाण्डेय | लखनऊ पैंथर | 1.25 लाख रुपये |
| ऋतुराज शर्मा | लखनऊ एसेज | 1.25 लाख रुपये |
| साहब युवराज सिंह | लखनऊ एसेज | 1.25 लाख रुपये |
| करन शर्मा | लखनऊ चैलेंजर्स | 1.25 लाख रुपये |
| हिमांशु सिंह | लखनऊ नवाब्स | 1.25 लाख रुपये |
| प्रियांशु | लखनऊ चैलेंजर्स | 1.25 लाख रुपये- |
| अंकित चौधरी | लखनऊ लायन्स | 1.25 लाख रुपये |